Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to increase the retirement age of home guards to 60 years in Delhi.

श्री रमेश बिधुड़ी (दक्षिण दिल्ली) : मैं सरकार का ध्यान अभी हाल ही में निकाले गये दिल्ली होमगार्ड जवानों की ओर दिलाना चाहता हूं।

दिल्ली में होमगार्ड भर्ती नियमों के अनुसार होमगार्ड्स को 50 साल तक सेवा में रखा जाता है। मैं यहां साफ कर देना चाहता हँ कि देश के विभिन्न राज्यों में होमगार्ड के रिटायरमेंट की आयु सीमा 60 वर्ष है परंतु दिल्ली रिटायरमेंट रूल्स के अनुसार अधिकतम नियुक्ति आयु 47 वर्ष पुरूषों के लिए व 42 वर्ष महिलाओं के लिए तथा रिटायरमेंट आयु दोनो वर्गों के लिए 50 वर्ष है। वैसे भी होमगार्ड की नियुक्ति केवल 3 साल की होनी है जिसे फिजिकल फिटनेस के आधार पर 2 साल के लिए बढ़ा दिया जाता है और बतौर एक्सटेंशन एक दो साल कर 5 साल की एक्सटेंशन दी जाती है। इस प्रकार होमगार्ड की सेवावधि 10 वर्ष ही रहती है।

दिल्ली में सन् 2008 से पहले होमगार्ड की रिटायरमेंट की आयु 60 वर्ष थी जिसे विभाग ने अचानक अपनी मर्जी से 50 वर्ष कर दिया था जिससे सैकड़ों होमगार्ड जवानों को 50 वर्ष पूरे होने पर निकाल दिया जाता है। यह सभी जवान बेरोजगार हो जाते हैं और इस उम्र में उनको कोई काम भी नहीं देता।

अभी हाल ही में जो जवान 50 वर्ष को हो गये थे उन्हें डिपार्टमेंट ने निकाल दिया था। सरकार से अनुरोध है कि उन्हें वापस डयूटी पर बुलाया जाये और दिल्ली में होमगार्ड जवानों की सेवा को नियमित 60 वर्ष तक किया जाये व दिल्ली में भर्ती नियमों में बदलाव करके उन्हें बेरोज़गारी से बचाया जाये। वैसे भी वर्तमान में कई हजार होमगार्ड के पद खाली पड़े हैं, उनको भरा जाये।